हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 19 JUNE 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

===

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने चार राज्यों- तमिलनाडु, गुजरात, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य- एमएसपी पर दालों और तिलहनों की बड़े पैमाने पर खरीद को मंजूरी दे दी है। इन राज्यों में यह खरीद मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत की जाएगी।

हरियाणा में 21 जून को 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पंचकूला में राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी सतपाल शर्मा, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, विद्यालयों, महाविद्यालयों के विद्यार्थियों, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों व शहर की योग से जुड़ी संस्थाओं ने भाग लिया। इस दौरान योग प्रोटोकॉल के अनुसार सभी योगासनों का अभ्यास करवाया गया।

हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने बताया कि इस वर्ष राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन "योग से निरोग हरियाणा" थीम पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित इस मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में 11 देशों के लगभग 70 विद्यार्थी भागीदारी करेंगे। हरित योग के चलते प्राकृतिक संरक्षण का भी संदेश दिया जाएगा और एक भव्य प्रदर्शनी भी लगी जाएगी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज सिरसा के डेरा बाबा भूमणशाह में आयोजित योग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।

उन्होंने डेरा के गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास के सान्निध्य में वहां मौजूद सैकड़ों लोगों और बाबा के अनुयायियों के साथ मिलकर योग अभ्यास किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने योग को बढ़ावा देने के लिए योग आयोग का गठन किया है। सरकार प्रदेश वासियों के मानसिक एंव शारीरिक स्वास्थ्य व निरोग जीवन के लिए योग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हिसार जिले के गांव गंगवा के पीएम श्री स्कूल में रचनात्मक गतिविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 500 छात्र छात्राओं व जिले के विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया। स्कूल प्रांगण में विभिन्न गतिविधियों से जुड़ी हुई स्टॉल लगाई गई। जिला शिक्षा अधिकारी राम रत्न ने बताया कि विभिन्न स्कूलों से बच्चों ने अलग-अलग थीम पर स्टॉल लगाकर शिक्षित करने वाली रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें कचरे के सदुपयोग संबंधी स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने कहा कि इन 12 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव आया है।

हरियाणा में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए, हरियाणा के राज्यपाल और हरियाणा राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो. असीम कुमार घोष ने कल हरियाणा लोक भवन से नौ नई एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।